तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 3 जुलाई 2026



10 मानसून की पहली बरसात से शहर की सड़कों पर आफत





11 डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन दो दिन से बंद, कर्मचारियों की हड़ताल से व्यवस्था ठप







खबर संक्षेप


रेवाड़ी। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## देशी कट्टे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सीआईए धारूहेड़ा टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव चिमनावास निवासी तनिश कुमार के रूप में हुई है। गत 1 जुलाई को सीआईए को सूचना मिली कि तनिश कुमार के पास अवैध हथियार है तथा गांव नांगल मूंदी बस स्टैंड के पास किसी के इंतजार में खड़ा हुआ है। सूचना पर सीआईए ने मौके से आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर 1 अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना खोल में शस्त्र अधिनियम तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## पूरे दिन टैंकरों से पानी निकालते रहे कर्मचारी

### नाईवाली सब्जी मंडी, ब्रास मार्केट व बावल रोड की कई सड़कों पर हुआ जलभराव

# मानसून की पहली बरसात से शहर की सड़कों पर आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मानसून की पहली बरसात ने ही शहर के पानी निकासी की व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। वीरवार को सुबह से रुक-रुक कर करीब तीन घंटे हुई बरसात से शहर की कई सड़कें जलमग्न हो गई, जिससे लोगों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के नालों का करोड़ों का टेंडर होने के बाद भी अभी तक पूरी तरह सफाई नहीं हुई है, जबकि चार दिन से अधिकारी स्वयं फील्ड का दौरान कर नालों व सीवरेज सिस्टम की सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे है। वीरवार को बावल रोड, नाईवाली सब्जी मंडी, अनाजमंडी, अग्रसेन चौक, बड़ा तालाब हनुमान मंदिर के पास, ब्रास मार्केट, भाड़ावास गेट, बस स्टैंड, मॉडल टाउन व सती कॉलोनी के सामने बरसात का जमा पानी लोगों के लिए आफत साबित हो गया।


सड़कों पर वाहनों की धीमी पड़ी रफ्तार

### बड़ा तालाब की सड़क पर फिर भरा पानी

वीरवार को बरसात आने पर बड़ा तालाब हनुमान मंदिर की सड़क पर फिर से पानी जमा हो गया। सड़क से पानी निकालने के लिए टैंकरों को कई चक्कर लगाने पड़े। इस सड़क पर डाली गई नई पाइप लाइन का अभी तक आगे की लाइन से कनेक्शन नहीं किया गया है, जबकि अप्रूवल मिलने के बाद विभाग ने नई सड़कों को एक सप्ताह से तोड़ कर छोड़ा हुआ है। सड़क के तोड़कर छोड़ने की वजह से आसपास के दुकानदारों व मंदिर में आने वाले लोगों का काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।



### शहर में पूरे दिन घूमते रहे टैंकर

*मानसून की पहली बरसात से शहर में कई जगह जलभराव से दयनीय हालात हो गए। क्योंकि अभी कई जगह बरसाती नाले और सीवरेज सिस्टम ठप पड़ा हुआ है। शहर की स्थिति खराब होने पर सरकारी विभागों को सड़कों से पानी की निकालने के लिए टैंकरों का सहारा लेना पड़ा। बरसात रुकने के बाद कर्मचारी दिन भर शहर की सड़कों से पंप सेंट व टैंकरों में पानी निकालते रहे। ब्रास मार्केट में नई सीवरेज लाइन डालने के बाद भी प्रशासन को टैंकरों से पानी निकालना पड़ा। यहां तक कि नगर परिषद कार्यालय परिसर में भी मशीन लगाकर सीवरेज सिस्टम दुरुस्त करना पड़ा।*

### बावल रोड पर सबसे ज्यादा परेशानी

बरसात आने पर महाराणा प्रताप चौक से बावल रोड की सड़क पर सबसे ज्यादा परेशानी पैदा हो जाती है। इस सड़क पर लंबे समय से गड्ढे भी बने हुए है। जलभराव के कारण वाहन चालकों को इस मार्ग से निकलने में हमेशा खतरा बना रहता है। कई बार दोपहिया वाहन सवार गिरकर चोटिल भी हो चुके है। इस सड़क से प्रशासन की ओर से पानी की निकासी भी नहीं की जा रही है। बरसात आने पर सड़क पर दो-तीन दिन तक पानी भरा रहता है।

## भारत विकास परिषद ने डॉक्टरों को किया सम्मानित



**रेवाड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा की ओर से डॉक्टर-डे पर शहर के चिकित्सकों को अंग वस्त्र व स्मृति चिंह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष दिनेश सैनी ने कहा कि लोगों को स्वस्थ और सुरक्षित रखने के लिए अथक परिश्रम करने वाले डॉक्टरों के योगदान को याद करना जरूरी है। प्रांतीय संयोजक मुकेश सैनी ने कहा कि डॉक्टर-डे स्वास्थ्य, सेवा परिस्थिति तंत्र में उनकी करुणा, लचीलापन और महत्वपूर्ण भूमिका के लिए डॉक्टरों के अभिनंदन के रूप में कार्य करता है। कार्यक्रम में डा. रामबाबू यादव, डा. सुमन यादव, डा. दीपक, डा. नीतू, डा. अनुष्का, डा. राहुल सिंगला, डा. दीपक सैनी, डा. अचिन गुप्ता, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डा. दीपक यादव, डा. बसंत गुप्ता, डा. दिव्या गुप्ता, डा. राजेश गोयल, डा. रीतु जैन व डा. कौशल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक सुनील भार्गव, शाखा संरक्षक रमेश सचदेवा, सचिव राम किशोर सैनी, कोषाध्यक्ष प्रेम मेहंदीरत्ता, हुक्म चन्द, नितिन, कुंदनलाल, अजय गुप्ता व नंदलाल ढींगरा मौजूद थे।

## आरआरएन डीएवी स्कूल में रिक्त पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति

**कोसली।** कोसली के आरआरएन डीएवी पब्लिक स्कूल में विभिन्न विषयों के रिक्त पदों को भरने के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन अनिल कुमार राव, विद्यालय की एआरओ दीप्ति जकोता, मैनेजर ईरा खन्ना व प्राचार्य सुनील कुमार मौजूद थे। प्रकिया में विभिन्न क्षेत्रों से आए अभ्यार्थियों ने भाग लिया। साक्षात्कार समिति ने उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता, शिक्षण कौशल, अनुभव और उनके विषय ज्ञान का गहनता से आंकलन कर पारदर्शिता के साथ योग्य और श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन किया। चेयरमैन ने विद्यालय की छात्राओं को आवश्यक स्वास्थ्य सुरक्षा सामग्री भी भेंट की। प्राचार्य सुनील कुमार ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों को स्मृति चिह्न के रूप में पौधे भेंट किए। चेयरमैन ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई दी और उन्हें पूरी मेहनत, लगन, निष्पक्षता और समर्पण भाव से काम करने के लिए प्रेरित किया।

## मदार-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा का रोहतक तक अस्थायी विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

रेलवे की ओर से मदार-रेवाड़ी-मदार स्पेशल रेलसेवा का 3 जुलाई से 15 जुलाई तक रोहतक तक अस्थाई विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09639 मदार-रोहतक स्पेशल रेलसेवा 3 जुलाई से 15 जुलाई तक मदार से प्रतिदिन अल सुबह 4:30 बजे रवाना होकर रेवाड़ी स्टेशन पर सुबह 10:30 बजे आगमन व 10:50 बजे प्रस्थान कर दोपहर 12:50 बजे रोहतक पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09640 रोहतक-मदार स्पेशल रेलसेवा 3 से 15 जुलाई तक रोहतक से प्रतिदिन दोपहर 1:20 बजे रवाना होकर रेवाड़ी स्टेशन पर शाम 3:20 बजे आगमन व 3:30 बजे प्रस्थान कर रात्रि 10:35 बजे मदार पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में किशनगढ, नरैना, फुलेरा, रेनवाल, बधाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कावंट, भागेगा, नीमकाथाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली, कुंड, रेवाड़ी, गोकलगढ, पाल्हावास, झज्जर व अस्थल बोहर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई के बाद ये रेलसेवा 16 जुलाई से 31 जुलाई तक मदार-रेवाड़ी-मदार के मध्य ही संचालित होगी।

## बीडीपीओ कार्यालय में जनसुनवाई आज

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव 3 जुलाई को गांव सुमाखेड़ा और जाटूसाना में जनसंपर्क व जनसुनवाई कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। विधायक सुबह 9 बजे गांव सुमा खेड़ा के पंचायत भवन में आयोजित होने वाले जनसंपर्क कार्यक्रम में लोगों से रूबरू होंगे। इसके बाद सुबह 10 बजे गांव जाटूसाना के बीडीपीओ कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम में आमजन की समस्याएं सुनेंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों के कर्मचारी, अधिकारी व मौजिज व्यक्ति मौजूद रहेंगे।

## यादव सभा का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप पांच को


**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा की ओर से 5 जुलाई को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग व चर्म रोग के रोगियों को ओपीडी सेवाए प्रदान करेगी। इनके अलावा फिजियोथेरेपीकी सेवाएं भी दी जाएगी।

## 18 को लगाई जाएगी विशेष लोक अदालत

**रेवाड़ी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 18 जुलाई को जिले में रेवाड़ी, बावल, कोसली न्यायिक परिसर में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (सेक्शन 138 एनआई एक्ट) केसों से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य न्यायालयों में लंबित चेक बाउंस यानि एनआई एक्ट से जुड़े मामलों का आपसी सहमति और समझौते के आधार पर अंतिम समाधान करना है।

### सूचना

मैं, Bahadur Singh पुत्र वेद प्रकाश निवासी ककराला तहसील कनीना जिला महेंद्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे शैक्षणिक और अन्य संबंधित दस्तावेजों में मेरा नाम Bahadur Singh दर्ज है। अब मैंने अपना बदलकर Parveen Yadav रख लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मेरा नाम Parveen Yadav रहेगा। उक्त दोनों नाम मुझ एक ही व्यक्ति के हैं।






## दो दिन से डंपिंग यार्ड व वार्डों से कूड़े का नहीं हो रहा उठान

# कर्मचारियों की हड़ताल से सफाई व्यवस्था हुई बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था दूसरे दिन भी बंद रही। कचरा कलेक्शन गाड़ियों पर कार्यरत कर्मचारी 3 महीने से वेतन नहीं मिलने पर वीरवार को भी हड़ताल पर रहे। नगर परिषद की लापरवाही से शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ने लगी है। दो दिन से शहर से कचरे का उठान नहीं हो रहा है। वार्डो में सड़कों पर गंदगी फैलने लगी है वहीं डंपिंग यार्डो से कचरे का उठान नहीं हो रहा है। कचरा कलेक्शन गाड़ियों पर कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि अभी भी अधिकारियों की ओर से महज आश्वासन देने कर काम शुरू करने का दबाव बनाया जा रहा है। वीरवार को सीएसआई कुशल कुमार ने कर्मचारियों से बात की और दो-तीन दिन में समस्या का समाधान कराने का आश्वासन देकर काम शुरू करने के लिए कहा।







रेवाड़ी। वेतन नहीं मिलने पर सीएसआई कार्यालय में नारेबाती करते कर्मचारी, हड़ताल के कारण जाम लगाती कुड़ा उठाने वाली गाड़ियां व सड़क पर फैल रहा कचरा। *फोटो : हरिभूमि*

## वेतन मिलने तक जारी रहेगी हड़ताल

कर्मचारियों की हड़ताल से दूसरे दिन भी शहर की डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था ठप रही। वीरवार को भी वार्ड में कचरा कलेक्शन गाड़ियां नहीं पहुंचने से लोग परेशान रहे। कचरा कलेक्शन ठेकेदार की ओर से पिछले 3 महीने से गाड़ियों के 117 ड्राइवरों व हेल्परों को वेतन नहीं दिया है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कर्मचारी संघ के प्रधान राकेश कुमार ने बताया कि वेतन की मांग को लेकर सभी अधिकारियों से गुहार लगा चुके है, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वीरवार को सीएसआई ने आकर आश्वासन दिया और काम शुरू करने के लिए कहा। प्रधान ने कहा कि अभी सभी कर्मचारी अपनी मांग पर डटे हुए है। जब तक वेतन नहीं मिलेगा हड़ताल जारी रहेगी।

## टेंडर के नियम पूरे नहीं कर रहा ठेकेदार

नगर परिषद की ओर से श्री श्याम एसोसिएट्स फर्म को 5 वर्षों के लिए करीब 23.5 करोड़ का ठेका फरवरी माह में दिया था। वही फर्म को शहर का कचरा रामसिंह पुरा डंपिंग यार्ड में पहुंचाने के लिए अलग से 10 वर्ष के लिए 12 करोड़ से अधिक का ठेका दिया था, लेकिन ठेकेदार की ओर से अभी तक 32 वार्डो में जरूरत के हिसाब से पूरी गाड़ियां तक नहीं लगाई गई है और न ही गीला-सूखा कचरा अलग किया जा रहा है। ठेकेदार के पास कचरा कलेक्शन के लिए फिलहाल 36 डीजल के टैंपों, 13 इलेक्ट्रिकल व्हीकल, 12 ट्रैक्टर व एक जेसीबी है, जबकि नगर परिषद ने एक डंपर व एक लोडर दिया हुआ है।

## जल निकासी व्यवस्था फेल, बारिश में धारूहेड़ा की सड़कें हुईं जलमग्न

**धारूहेड़ा।** कस्बे के नंदरामपुर बास रोड व सोहना रोड के बरसाती नाले गंदगी से लबालब है। नालों की एक साल से सफाई तक नहीं की गई है। वीरवार को आई बरसात से हाइवे सहित कस्बे की सभी सड़कें जलमग्न हो गई, जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। मानसून की पहली बरसात ने नगर पालिका सिस्टम की पोल खोल कर रख दी है। डीसी अभिषेक मीणा करीब एक सप्ताह से विभागों को जलभराव से निपटने के निर्देश दे रहे है और अधिकारी फील्ड में जांच भी कर रहे है, लेकिन धरातल पर व्यवस्था नहीं आ रही है। कस्बे के लोगों ने शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल को पत्र लिखकर जांच की मांग की है कि नपा ने कागजों में नालों को कितनी बार साफ कराकर बिल पास किए हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कस्बे में नालों, नालियों व सीवरों की कागजों में सफाई दिखा रखी थी, लेकिन सभी नाले व सीवर गदंगी से अटे हुए है।









राजा राव तुलाराम





राव बिरेन्द्र सिंह
पूर्व मुख्यमंत्री
हरियाणा सरकार

• जनसेवा • समर्पण
• सशक्त नेतृत्व की प्रेरणास्रोत





बहन
# आरती सिंह राव
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, शोध और
आयुष मंत्री हरियाणा सरकार

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें

आप जियो हजारों साल
साल के दिन हो पचास हजार

## जनसेवा, खेल और नेतृत्व का संगम :
# आरती राव का प्रेरणादायी सफर

हरियाणा की राजनीति में पिछले कुछ वर्षों में जिन युवा नेताओं ने अपनी अलग पहचान बनाई है, उनमें स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का नाम प्रमुखता से लिया जाता है।

3 जुलाई 1979 को केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह के परिवार में जन्मी आरती राव ने अपने जीवन में खेल, शिक्षा और राजनीति तीनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। आज वे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देने वाली प्रमुख जनप्रतिनिधियों में गिनी जाती है।

बचपन से ही अनुशासन, मेहनत और उत्कृष्टता उनके व्यक्तित्व का हिस्सा रहे। शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने निशानेबाजी (शूटिंग) में भी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश का गौरव बढ़ाया। खेलों से मिले अनुशासन, धैर्य और लक्ष्य के प्रति समर्पण ने उनके राजनीतिक जीवन की भी मजबूत नीव रखी।

वर्ष 2013 में उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा और अपने पिता राव इंद्रजीत सिंह के साथ जनसेवा के कार्यों में जुट गई। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने का कार्य किया। वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव का टिकट नही मिलने के बावजूद उन्होंने निराश होने के बजाय भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में पूरे समर्पण के साथ प्रचार किया। इससे यह संदेश गया कि उनके लिए पद से अधिक महत्वपूर्ण संगठन और जनता का विश्वास है।

वर्ष 2024 का विधानसभा चुनाव उनके राजनीतिक जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। अटेली विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने जाने के बाद उन्हें हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। यह जिम्मेदारी उनके लिए केवल एक पद नही, बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने का अवसर बनी।

स्वास्थ्य मंत्री के रूप में आरती राव ने सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता और आम नागरिकों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। विशेष रूप से अहीरवाल क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों की दशा सुधारने, स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने और चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के उनके प्रयासों की व्यापक सराहना हुई है। आरती राव का राजनीतिक सफर इस बात का उदाहरण है कि यदि नेतृत्व में सेवा का भाव, मेहनत और दूरदृष्टि हो तो कम समय में भी जनविश्वास अर्जित किया जा सकता है। खेल के मैदान से लेकर राजनीति तक का उनका सफर युवा पीढ़ी, विशेषकर महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

आरती राव को जन्मदिन के अवसर पर उन्हें प्रदेशभर से शुभकामनाएं मिल रही हैं। सभी उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और जनसेवा के क्षेत्र में निरंतर सफलता की कामना करते है, ताकि वे इसी समर्पण के साथ हरियाणा की प्रगति और जनता के कल्याण के लिए कार्य करती रहें।



**अनिल रायपुर**
प्रमुख समाजसेवी व आजीवन सदस्य इंसाफ मंच

ईश्वर से हमारी मंगलकामना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, सुख, समृद्धि, यश एवं निरंतर सफलता प्रदान करें तथा आप सदैव जनसेवा के पथ पर नए कीर्तिमान स्थापित करती रहें।

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ



**मनोज यादव टीट**
जिला प्रमुख रेवाड़ी



**नीलम अनिल रायपुर**
जिला उप-प्रमुख रेवाड़ी



**छत्रपाल उर्फ टिंकू**
ब्लाक समिति चेयरमैन, बावल